भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2641

दिनांक 22 **दिसंबर**, 2022

एमएस और एचएसडी का निर्यात

2641. **श्री मारगनी भरत**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), मोटर स्पिरिट (एमएस) पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) को नेपाल और भूटान के अलावा किसी अन्य देशों में निर्यात करते हैं और यदि हां, तो गत पांच वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में इन उत्पादों की मांग के बावजूद भी ओएमसी निर्यात का सहारा लेती हैं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या रिफाइनरी ट्रांसफर प्राइस (आरटीपी) की तुलना में एमएस और एचएसडी का निर्यात करना लाभदायक है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या मोटर चालक ईंधन विपणन की नई प्राधिकरण इकाई ने एमएस और एचएसडी की आपूर्ति के लिए सरकारी ओएमसी को आवेदन किया है और यदि हां, तो आज तक एमएस और एचएसडी की आपूर्ति न करने के क्या कारण हैं?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क): पिछले पांच वर्षों के दौरान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा नेपाल और भूटान के अलावा अन्य देशों को निर्यात किए जाने वाले मोटर स्प्रिट (एमएस) (पेट्रोल) और हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) ईंधन के ब्यौरे निम्नवत हैं:

(मात्रा टीएमटी में)

उत्पाद	2017-2018	2018-2019	2019-2020	2020-2021	2021-2022
एमएस	222	225	0	276	668
एचएसडी	2060	1356	2185	1985	1994
स्रोत: आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल; टीएमटी : हजार मीट्रिक टन					

(ख): सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) देश में घरेलू मांग के पूरा होने के बाद ही अन्य देशों को अधिशेष एमएस और एचएसडी का निर्यात करती हैं।

(ग): रिफाइनरी अंतरण मूल्य (आरटीपी) के साथ निर्यात किए जाने वाले मोटर स्प्रिट (पेट्रोल) और हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की लाभप्रदता की तुलना, निर्यात निविदाओं में क्रेता द्वारा वास्तविक उद्दत मूल्यों और निर्यात अवधि के दौरान प्रचलित आरटीपी के मूल्य पर निर्भर करता है, क्योंकि आरटीपी मूल्यनिर्धारण साइकिल तथा निर्यात मूल्य साइकिल दोनों भिन्न-भिन्न होती हैं।

(घ): किसी कंपनी को परिवहन ईंधनों के विपणन का प्राधिकार देने से आशय ऐसे ईंधनों के विक्रय की अनुमति देने से है। इस प्रकार के प्राधिकार से सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज की परिवहन ईंधनों के विक्रय/आपूर्ति हेतु इन कंपनियों पर किसी प्रकार की बाध्यता/प्रतिबद्धता नहीं बनती है। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने बताया है कि दिनांक 08.11.2019 के विपणन संकल्प के तहत प्राधिकृत नई कंपनियों ने उनसे एमएस और एचएसडी की आपूर्तियों के लिए अनुरोध किया है। तथापि, वर्तमान और अनुमानित मांग के अनुसार एमएस और एचएसडी की कोई अधिशेष मात्रा उपलब्ध न होने के कारण, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज नई कंपनियों द्वारा किए जाने वाले अनुरोध पर विचार नहीं कर सकती हैं।

*****